Need to declare Bihar as a drought-prone State ? laid

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): बिहार के बड़े भू-भाग में अनावृष्टि के कारण किसान धान की रोपनी में परेशानी झेलने को मजबूर हैं। एक तरफ प्रकृति की मार वही दूसरी ओर सरकार के द्वारा विद्युत आपूर्ति में भारी कमी की समस्या से भी किसान त्रस्त हैं। अभी धान की रोपनी का समय है, जैसे तैसे किसान रोपनी कर रहे हैं कही रोपन का काम बंद है तो कही रोपा पानी के अभाव में सुख रहा है। फिर भी किसान पम्पिंग सेट के माध्यम से बारिश होने की उम्मीद में धान रोप रहे है और रोपना चाहते भी है। अभी तक पेयजल का अभाव बना हुआ है वर्षाभाव के कारण भूजल स्तर अभी भी नहीं सुधरा है। अतः सरकार से आग्रह है कि पूरे बिहार को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए।